अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई-मेल द्वारा

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
## 9वां तल-ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

F.No 234/1404/HFW/QC/2025/ 388 दिनांकः- 21/3/2025

सेवा में,

श्रीमान उप-सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली-110054

**विषय :** **आठवीं विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र-2025), माननीय विधायक श्री मुकेश कुमार अहलावत द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 25 दिनांक 24.03.2025 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र उपरोक्त संदर्भित आपके ई-मेल दिनांकित 15.03.2025 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री मुकेश कुमार अहलावत द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0 25 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

जे.बी. कपिल

उप-सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

अतारांकित प्रश्न संख्या : 25

दिनांक : 24.03.2025

प्रश्नकर्ता का नाम : मा0 विधायक श्री मुकेश कुमार अहलावत

क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र. स. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या यह सत्य है कि सुल्तानपुरी में मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने का सरकार का कोई प्रस्ताव था; | हाँ, यह सत्य है।<br>डी–2, सामुदायिक केन्द्र, डी–2/492 के सामने सुल्तानपुरी (निर्माणाधीन) |
| ख | यदि हां, तो उक्त मोहल्ला क्लीनिक अब तक क्यों नहीं बन पाया है, और | निर्माण कार्य के लिए 02.07.2019 को साईट लोक निर्माण विभाग (पी.डब्लू.डी.) को सौंप दी गई थी। |
| ग | यह मोहल्ला क्लीनिक कब तक बन जाएगा, पूर्ण विवरण दें? | लोक निर्माण विभाग (पी.डब्लू.डी.) के द्वारा साइट सौंपी जाने के पश्चात आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके लिए सी.डी.एम.ओ. पश्चिम द्वारा कई बार लोक निर्माण विभाग (पी.डब्लू.डी.) से पत्राचार किया जा चुका है।<br><br>इसके अलावा यह भी उल्लेख करना उचित है कि दिल्ली सरकार ने **PM-ABHIM (Pradhan Mantri Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission)** योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है जिसके तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे और यह प्रस्तावित है कि मौजूदा स्वास्थ्य केंद्र को **PM-ABHIM (Pradhan Mantri Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission)** योजना के अनुसार अपग्रेड किया जायेगा। |

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

उप–सचिव (प्र.शा.)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner